# कार्यालय वनमण्डलाधिकारी वनमण्डल, अनूपपुर (म0प्र0)

E-mail : dfotanppu@mp.gov.in Ph. No. (07659) 222038

क्रमांक / मा.चि. / 2022 / 31 अनूपपुर, दिनांक 05/01/2022

प्रति,

**मुख्य वन संरक्षक**
**वन वृत्त शहडोल (म.प्र.)**

**विषयः–** अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई में 1x660 मेगावाट सुपर क्रिटिकल इकाई की स्थापना–इकाई के उपसंगीय निर्माण कार्य हेतु 6.171 हे. वनभूमि म0प्र0 पावर जनरेटिंग कम्पनी लिमि. को उपयोग में देने बावत्।
(**PROPOSAL NUMBER – FP/MP/THE/130772/2021**)।

**सन्दर्भः–** 1– कार्यालयीन पत्र क्रमांक / मा.चि. / 2021 / 1482 दिनांक 25.10.2021
2– आपका पत्र क्रमांक / मा.चि. / 2021 / 7712 दिनांक 10.11.2021
3– कार्यपालन अभियंता (सिविल) निर्माण संभाग–दो म0प्र0पा0ज0कं0लि0 चचाई का पत्र क्रमांक / 238 दिनांक 27.12.2021

––0O0––

उपरोक्त विषयांतर्गत निवेदन है कि अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई में 1x660 मेगावाट सुपर क्रिटिकल इकाई की स्थापना–इकाई के उपसंगीय निर्माण कार्य हेतु 6.171 हे. वनभूमि म0प्र0 पावर जनरेटिंग कम्पनी लिमि. को उपयोग में देने के संबंध में प्रस्ताव वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत इस कार्यालय में प्राप्त हुआ है। विभागीय कार्यवाही पूर्ण कर संदर्भित पत्र क्रमांक 01 द्वारा आपको प्रेषित किया गया था, संदर्भित पत्र क्रमांक 02 द्वारा प्रकरण में 08 बिन्दुओं की आपत्ति/ कमियां लगाई गयी थी। अतः बिन्दुवार कमियों की पूर्ति कर प्रकरण आपके अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर सम्प्रेषित है।

1– आवेदक संस्थान द्वारा प्रस्ताव की हार्ड कापी के प्रत्येक पृष्ठ पर एवं ऑनलाईन प्रस्ताव के भाग–1 में हस्ताक्षर एवं सील अंकित कर दिया गया है।

2– आवेदक संस्थान द्वारा प्रस्ताव के हार्ड कापी में संलग्न वनक्षेत्र का विवरण प्रस्तावित वन कक्ष क्रमांक 401 अंकित कर दिया गया है।

3– न्यायालय कलेक्टर जिला अनूपपुर का संशोधित आदेश क्रमांक–59 / अ–19(3) / 2020–21 दिनांक 06.12.2021 प्रस्ताव में संलग्न किया गया है।

4– आवेदक संस्थान द्वारा क्षतिपूर्ति वनीकरण हेतु उपलब्ध करायी गई गैर वनभूमि का संशोधित न्यायालय कलेक्टर जिला अनूपपुर का संशोधित आदेश क्रमांक–59 / अ–19(3) / 2020–21 दिनांक 06.12.2021 प्रस्ताव में संलग्न किया गया है।

5– आवेदक संस्थान द्वारा क्षतिपूर्ति वनीकरण हेतु उपलब्ध करायी गई गैर वनभूमि के खसरावार राजस्व मैप में राजस्व विभाग के अधिकारी का हस्ताक्षर कर प्रस्ताव में संलग्न किया गया है।

6— वन मण्डलाधिकारी अनूपपुर के भाग—2 ऑनलाईन प्रिन्ट पर प्रत्येक पेज पर हस्ताक्षर व सील अंकित कर दिया गया है।

7— क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण हेतु गैर वनभूमि को खसरावार राजस्व में दर्शित मैप संलग्न कर दिया गया है।

8— प्रस्ताव की हार्ड कापी के प्रत्येक पेज पर नंबरिंग कर दी गई है।

संलग्न - प्रस्ताव 4 प्रति

(डॉ.ए.ए. अंसारी)
(भा.व.से.)
**वन मण्डलाधिकारी**
वन मण्डल, अनूपपुर

पृ.क्रमांक / मा.चि. / 2022 / 32 अनूपपुर, दिनांक 05/01/2022

प्रतिलिपि :—

कार्यपालन अभियंता (सिविल) निर्माण संभाग—दो म0प्र0पा0ज0कं0लि0 चचाई की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

**वन मण्डलाधिकारी**
वन मण्डल, अनूपपुर

O/C

\\Desktop-9lg9vkj\e\SANJAY 2013\memo general 2021.docx35